FORM No III
(नियम 26)

अज अदालत अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, मुकाम बीकानेर

पीठासीन अधिकारी ओ.पी.बिश्नोई, आर.ए.एस.

अपील संख्या 31/2024 एल.आर. एक्ट (GCMS No 2024/36)

रामकुमार बनाम– प्रकाश देवी, वगैरह

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
08.07.2024	पत्रावली आदेश हेतु पेश हुई। अभिभाषक अपीलान्ट उपस्थित। प्रकरण में क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर बहस सुनी गई। अभिभाषक अपीलान्ट ने बहस के दौरान कथन किया कि प्रस्तुत अपील तहसीलदार रायसिहनगर के आदेश दिनांक 11.01.2016 इन्तकाल सं. 461 के विरूद्व पेश की गई है जिसको सुनने का क्षेत्राधिकार संभागीय आयुक्त को है, उक्त विवादित भूमि बाबत पूर्व मे न्यायालय हाजा मे अपील सं. 66/2012 अनुवान प्रकाश कौर बनाम स्टेट, मुन्शीराम वगैरह का निर्णय दिनांक 10.01.2013 को पारित किया गया है। प्रकरण कन्टेसटेड है। अतः अपील क्षेत्राधिकार में मानते हुए रेस्पोडेन्ट के निमित नोटिस जारी किये जावे एवं अधीनस्थ का रिकार्ड तलब कर प्रकरण का मेरिट पर निर्णय पारित किया जावे। हमने अभिभाषक अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा प्रस्तुत अपील मय दस्तावेजात का क्षेत्राधिकार के संबध में परीक्षण किया गया। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया कि कार्यालय हाजा द्वारा अपील संख्या 66/2012 अनवान प्रकाश कौर बनाम स्टेट, मुन्शीराम वगैरह निर्णय दिनांक 10.01.2013 में तहसीलदार रायसिंहनगर के निर्णय दिनांक 11.06.2012 को निरस्त कर प्रकरण सिविल न्यायालय के वसीयत संबधी प्रकरण में निर्णय अनुसार कार्यवाही किए जाने हेतु रिमाण्ड किया गया। रिमाण्ड प्रकरण में क्या हुआ तथा तहसीलदार द्वारा क्या किया गया, कोई रिकार्ड पत्रावली पर उपलब्ध नही है। मात्र नामान्तरकरण की प्रति प्रस्तुत की गई है जो विरासतन दायर किया हुआ प्रतीत होता है, नामान्तरकरण किस स्तर के पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया यह भी स्पष्ट नही है। हस्तगत नामान्तरकरण धारा 135 (2) भू राजस्व अधिनियम के तहत निस्तारित किया हुआ नही पाया गया है। उक्त विवेचन के मध्यनजर इस न्यायालय में एल आर एक्ट की धारा 75 के अन्तर्गत प्रस्तुत की गयी यह अपील संधारण योग्य नही होने के कारण खारिज की जाती है। तदनुसार अपील निर्णित शुमार हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर सुव्यवस्थित रखी जावे। निर्णय आज दिनांक 08.07.2024 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर	